11 पानी किल्लत पर बिरोहड़ की महिलाओं ने लगाया जाम



12 झज्जर के तैराकों ने पहले दिन जीते 5 गोल्ड



**खबर संक्षेप**

### पोते का पेपर दिलाने आए दादा की मौत

**बहादुरगढ़।** पोते को पेपर दिलाने आए दिल्ली निवासी एक बुजुर्ग की छारा में मौत हो गई। हृदयाघात से मौत की आशंका है। मृतक की पहचान दिल्ली के खेड़ा खुर्द निवासी करीब 70 वर्षीय सुरेंद्र सिंह के रूप में हुई है। उनके पोते की बीए फाइनल ईयर की परीक्षा चल रही है। बुधवार को वह पोते के साथ छारा कॉलेज आए थे। पोता कॉलेज में परीक्षा देने चला गया और वह गाड़ी में थे। संभवतः वे लघुशंका के लिए झाड़ियों की ओर चले गए और वहीं जान चली गई। पोता कॉलेज से बाहर निकला तो मौत का पता चला। पुलिस जांच कर रही है।

### मूंदसा गांव में राजमिस्त्री ने फांसी लगा दी जान

**झज्जर।** गांव मूंदसा में एक राजमिस्त्री ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान करीब 43 वर्षीय राजमिस्त्री जयभगवान पुत्र स्वरूप सिंह के तौर पर की गई है। वह एक पुत्र व एक पुत्री का पिता था। घर पर उस समय केवल 85 वर्षीय बुजुर्ग मां थी।

### 22 वर्षीय युवक ने फंदा लगाकर सुसाइड किया

**बहादुरगढ़।** लाइनपार क्षेत्र में करीब 22 वर्षीय राजू ने फंदा लगाकर जान दे दी। मूल रूप से उत्तर प्रदेश का राजू यहां जौहरी नगर में किराये पर रहता था। मेहनत मजदूरी करता था। 19 मई को वह फंदे पर लटका देखा गया। जब तक संभाला जाता, देर हो चुकी थी। परिजनों के आने पर पोस्टमार्टम करवाया गया।

महाराजा अग्रसेन अस्पताल में सीवर मेनहोल में गए प्लम्बर की मौत का विवाद गरमाया

## पंचायत ने शव लेने से किया इनकार एक करोड़ मुआवजा व पेंशन मांगी

- दलाल खाप-84 प्रधान की अगुवाई में अस्पताल में तीन घंटे चली पंचायत रही बेनतीजा, आज कई गांवों की पंचायत बुलाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

गांव नूना माजरा स्थित महाराजा अग्रसेन अस्पताल में प्लम्बर सुनील की मौत का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। वीरवार को दलाल खाप-84 प्रधान भूप सिंह दलाल की अगुवाई में अस्पताल परिसर में तीन घंटे तक पंचायत चली, लेकिन सहमति नहीं बन सकी। इसके बाद खाप ने शुक्रवार सुबह 10 बजे कई गांवों की दोबारा बैठक बुलाई है।

ग्रामीणों ने कहा कि सुनील परिवार का इकलौता कमाने वाला सदस्य था और उसके पीछे छोटा बच्चा व पत्नी हैं। ऐसे में जब तक मृतक के परिवार को 1 करोड़ रुपये मुआवजा, पत्नी को पूरी पेंशन व बच्चे का हेल्थ कार्ड देने का लिखित आश्वासन नहीं मिलता, तब तक शव का पोस्टमार्टम नहीं कराया जाएगा और न ही शव लिया जाएगा। पंचायत में प्रशासन की ओर से तहसीलदार और नायब तहसीलदार पहुंचे। ग्रामीणों का आरोप है कि महज 25 लाख की मदद करने की बात कही जा रही है।



**बहादुरगढ़।** अस्पताल परिसर में पंचायत में बातचीत करते ग्रामीण व अधिकारी।

अस्पताल प्रबंधन की ओर से कोई जिम्मेदार प्रतिनिधि बातचीत के लिए नहीं आया। वीरवार को हुई पंचायत में दलाल खाप प्रधान भूप सिंह, किसान नेता रमेश दलाल, संजय दलाल, नरेश जून व सचिन जून सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। ग्रामीण प्रदीप दलाल और जय वीरेंद्र सहित अन्य लोगों का कहना है कि मृतक सुनील प्लम्बर का कार्य करता था, लेकिन उसे बिना सुरक्षा उपकरणों के सीवर में उतार दिया गया। इसी लापरवाही के कारण हादसा हुआ।

### सोमवार को 4 हुए थे बेसुध, 8 पर केस दर्ज

गौरतलब है कि सोमवार दोपहर अस्पताल परिसर में सीवर मेनहोल में कार्य के दौरान चार कर्मचारी बेहोश हो गए थे। इनमें तीन सफाई कर्मचारी और एक प्लम्बर शामिल था। सभी को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था। गंभीर हालत में सुनील को दिल्ली स्थित अग्रसेन अस्पताल रेफर किया गया, जहां बुधवार को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई थी। मृतक की पत्नी मीनू की शिकायत पर अस्पताल प्रबंधन से जुड़े आठ लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

### छोटूराम नगर में मीट की 6 दुकानें सील की



**बहादुरगढ़।** शहर में मीट की दुकानों के खिलाफ नगर परिषद की कार्रवाई लगातार जारी है। इसी के तहत वीरवार को नप की टीम ने लाइनपार के छोटूराम नगर में दस्तक दी। टीम ने यहां 6 दुकान सील कर कड़ी हिदायत दी गई। नगर परिषद के सेनेट्री इंस्पेक्टर सुनील हुड्डा की अगुवाई में यह पूरी कार्रवाई चली। हुड्डा ने कहा कि बहादुरगढ़ में किसी भी मीट शॉप संचालक के पास लाइसेंस नहीं है। अवैध रूप से चल रही इन दुकानों को पिछले दिनों नोटिस दिए गए थे। इसी के तहत अब सीलिंग की कार्रवाई चल रही है। अब तक 60 से अधिक दुकानें सील हो चुकी हैं। आगे भी यह कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

## हाईकोर्ट ने बीसीसीआई के चुनाव पर लगाई रोक

- आज होना था चुनाव, रजिस्ट्रार जनरल के समक्ष अपील पेंडिंग होने की दलील स्वीकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने बहादुरगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के चुनावों पर फिलहाल रोक लगा दी है। अगली सुनवाई तक चुनाव प्रक्रिया स्थगित रखने के निर्देश दिए हैं। इस मामले की अगली सुनवाई 27 मई को होगी।

याचिकाकर्ता प्रवीण गर्ग ने अदालत में कहा कि मतदाता सूची में अनियमितताओं को लेकर जिला रजिस्ट्रार के समक्ष आपत्ति दी गई थी। इस पर जिला रजिस्ट्रार ने 8 मई को सदस्य सूची की जांच और संशोधन के आदेश देते हुए चुनाव प्रक्रिया पर रोक लगा दी थी। बाद में स्टेट रजिस्ट्रार ने 19 मई को यह आदेश रद्द कर तय कार्यक्रम के अनुसार चुनाव कराने के निर्देश दिए। चुनाव के लिए 22 मई तिथि तय हुई। इसके खिलाफ रजिस्ट्रार जनरल के समक्ष अपील दायर की गई, जो अभी लंबित है।

अब हाईकोर्ट में दलील दी गई कि अपील लंबित रहते चुनाव कराना उचित नहीं होगा। अदालत ने मामले में जवाब तलब करते हुए चुनाव प्रक्रिया पर रोक जारी रखी है।

### फर्जी वोट का आरोप

टीम प्रोग्रेसिव फ्रंट ने फैसले को निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। टीम का आरोप है कि वोटर लिस्ट में फर्जी नाम जोड़े गए और कई वास्तविक सदस्यों के नाम हटाए गए। वहीं, उद्योग विकास मंच ने कहा कि वह लोकतांत्रिक प्रक्रिया और उद्योग हित में निष्पक्ष चुनाव के पक्षधर हैं। मंच के अनुसार, उन्हें उद्योगपतियों का व्यापक समर्थन मिल रहा है और विरोधी पक्ष ने चुनाव प्रक्रिया को बार-बार कानूनी विवाद में उलझाने का प्रयास किया है। मंच ने भरोसा जताया कि अंतिम निर्णय संस्था और उद्योग जगत के हित में होगा।

### सुप्रीम कोर्ट में दायर अपील की अनदेखी कर 56 एकड़ जमीन का मार्केट कमेटी ने करवाया म्यूटेशन



**बहादुरगढ़।** बालोर की 56 एकड़ भूमि को लेकर विवाद गहरा गया है। ग्रामीणों ने एसडीएम अभिनव सिवाच को शिकायत देकर आरोप लगाया कि मार्केट कमेटी ने कोर्ट में लंबित मामले की जानकारी छिपा जमीन अपने नाम म्यूटेशन करवा ली। 2016 में एचएसवीपी द्वारा मार्केट कमेटी के लिए 56 एकड़ जमीन अधिगृहित की थी। इसको किसानों ने हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। हाईकोर्ट ने अधिग्रहण प्रक्रिया को रद्द कर दिया। बाद में हाईकोर्ट ने मार्केट कमेटी के पक्ष में फैसला दिया। इसके खिलाफ किसानों ने सुप्रीम कोर्ट में अपील की, जो लंबित है। इसके बावजूद जमीन की म्यूटेशन मार्केट कमेटी के नाम कर दी। प्रधान राजेश यादव, जवाहर सिंह यादव, बलबीर यादव, कंवर सिंह, गिरधारी लाल, नारायण कृष्ण, कपिल, महिपाल, दीपक मौजूद रहे।

### स्टेशन पर ट्रैक क्रॉस कर रही महिला की ट्रेन की चपेट में आकर मौत

**बहादुरगढ़।** वृंदावन से बहादुरगढ़ लौट रही 39 वर्षीय नीतू वर्मा की रेलवे स्टेशन पर सुपरफास्ट ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। वह लाइनपार के पटेल पार्क की रहने वाली थी। यहां प्लेटफॉर्म नम्बर एक से दो तक जाने के लिए बेटे के साथ ट्रैक क्रॉस करने लगी। बेटा तो प्लेटफार्म पर चढ़ गया लेकिन वह चढ़ नहीं सकी। तभी तेज रफ्तार सुपरफास्ट ट्रेन की चपेट में आ गई।

## फैक्ट्री में सामान जला, कूड़े में आग से 3 वाहन खाक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

आधुनिक औद्योगिक क्षेत्र पार्ट-बी में पांच घंटे के अंदर दो जगह आग लगने की घटनाएं हुई। पहली घटना अभय फुटवियर प्राइवेट लिमिटेड में हुई। दिल्ली निवासी अभय की यह फैक्ट्री है। इसमें जूते-चप्पल तैयार किए जाते हैं। अलसुबह करीब साढ़े 3 बजे आग लगी।

सूचना पाकर दमकल विभाग की एक गाड़ी मौके पर पहुंची और बचाव कार्य शुरू किया। यह आग नियंत्रण में आई ही थी कि कुछ घंटे बाद करीब साढ़े 7 बजे रेडक्रॉस रोड पर कबाड़ के ढेर में आग लग गई। हवा के साथ आग तेजी से फैली और नजदीक खड़ी 2 पिकअप गाड़ी और 1 कैंटर चपेट में आ गया। तीनों वाहन धूं-धूंकर जल गए। सूचना पाकर दमकल विभाग की गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग पर नियंत्रण पाया, लेकिन तब तक वाहन काफी हद तक जल चुके थे। भीषण गर्मी के बीच बहादुरगढ़ में लगातार आग लगने की घटनाएं हो रही हैं। प्लास्टिक आदि ज्वलनशील पदार्थ जलने के कारण आसमान में दूर तक काला धुआं छा जाता है। वातावरण में प्रदूषण बढ़ रहा है। वहीं, दमकल कर्मियों की भी भागदौड़ बढ़ी हुई है।



**बहादुरगढ़।** गाड़ियों में लगी आग बुझाते दमकल कर्मी।

30 Years of Excellence
Adarsh Senior Secondary School
ADARSH SR. SEC. SCHOOL
Jahangirpur (Jhajjar)
9416518729, 9991344223
Email: assschooljah@gmail.com



आदर्श सी सै स्कूल जहांगीरपुर के 10वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों ने रचा इतिहास

आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जहांगीरपुर का 10 वीं एवं 12वी कक्षा का वार्षिक परिणाम शानदार रहा। विद्यालय प्राचार्य मदन लाल शर्मा ने बताया कि 12वी कक्षा के 10 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करके विद्यालय का मान बढ़ाया। इसके अतिरिक्त 40 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से ज्यादा अंक प्राप्त करके मेरिट में स्थान प्राप्त किया। इसी क्रम को आगे बढ़ाते हुए कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम शत् प्रतिशत रहा।इसमे 17 विद्यार्थियों ने 90% अंक और 27 विद्यार्थियों 80% अंक प्राप्त करके विद्यालय का मान बढ़ाया। इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर स्कूल प्राचार्य श्री मदन लाल शर्मा ने सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों व अभिभावकों को बधाई दी।

Admission Open
from 1st April 2026-27

10TH CLASS




12TH CLASS





आइसक्रीम तो तुम बच्चों को खूब पसंद आती है। इस भीषण गर्मी में अलग-अलग फ्लेवर की ठंडी-ठंडी यमी आइसक्रीम मिल जाए तो क्या कहने! आज हम तुम्हें दुनिया की कुछ फेमस आइसक्रीम्स के बारे में बता रहे हैं।

# अलग शेप्स-अनूठे फ्लेवर्स वाली यमी आइसक्रीम

रोचक

शिखर चंद जैन

बच्चो, दुनिया भर में आइसक्रीम के ऐसे कई प्रकार हैं, जो अपने स्वाद और बनावट के कारण बहुत मशहूर हैं। आज हम तुम्हें अलग-अलग देशों की कुछ टेस्टी और अनोखी आइसक्रीम्स के बारे में बता रहे हैं।

## दोंदुरमा आइसक्रीम तुर्किए

तुर्किए देश की दोंदुरमा आइसक्रीम अपनी खास 'खिंचाव' वाली बनावट के लिए जानी जाती है। इसमें दूध और चीनी के साथ 'सालेप' और 'मस्तिक' नामक सामग्री को मिलाया जाता है। सालेप इसे गाढ़ा बनाता है, मस्तिक इसे च्युई



(च्विंग-गम की तरह) बनाता है। 'सालेप' (जंगली ऑर्किड की जड़ का पावडर) मिलाने की वजह से यह जल्दी पिघलती नहीं है। दोंदुरमा आइसक्रीम को बनाने के लिए इसे लोहे की छड़ों से लगातार फेंटा और पीटा जाता है, जिससे यह इतनी सख्त हो जाती है कि इसे हुक पर लटकाया जा सकता है। यह खाने में थोड़ी सख्त और इलास्टिक जैसी लगती है। अब तो अपने देश में भी कुछ शॉपिंग मॉल्स और कई बड़ी मार्केट्स में भी यह आइसक्रीम खाने के लिए मिल जाती है।

## स्पैगेटी आइसक्रीम जर्मनी

यह आइसक्रीम दिखने में बिल्कुल इटैलियन स्पैगेटी पास्ता जैसी लगती है, लेकिन असल में यह वनीला आइसक्रीम



होती है। इसे एक मशीन से नूडल्स जैसा आकार दिया जाता है, ऊपर से टोमैटो सॉस जैसा दिखने वाला स्ट्रॉबेरी सॉस और सफेद चॉकलेट के टुकड़े डाले जाते हैं। इसे सन 1960 के दशक में डारियो फोंटानेला नाम के शख्स ने बनाया था। अकसर इसके बेस में व्हिप्ड क्रीम छिपी होती है, जो स्वाद को और बढ़ा देती है।

## आई-टिम-पैड आइसक्रीम थाईलैंड

आई-टिम-पैड आइसक्रीम की शुरुआत थाईलैंड के स्ट्रीट मार्केट्स में लगभग 2009-2010 के आस-पास हुई थी। इसे बनाने की प्रक्रिया को 'कोल्ड स्टोन' तकनीक कहते हैं। इसका वीडियो यू-ट्यूब और इंस्टाग्राम पर इतना वायरल हुआ कि यह थाईलैंड से बाहर भी लगभग पूरी दुनिया के कई देशों के मॉल्स में भी बिकने लगी। इस आइसक्रीम को 'रोल्ड आइसक्रीम' के नाम से भी जाना जाता है। इसे एक ठंडी धातु



की प्लेट पर दूध और फ्लेवर डालकर बनाया जाता है। फिर इसे तब तक खुरचा जाता है, जब तक यह जम न जाए। इसके बाद फिर इसे पतले रोल में बदल दिया जाता है। यह आइसक्रीम देखने में जितनी मजेदार है, खाने में उतनी ही टेस्टी भी लगती है।

## आइसक्रीम सैंडविच सिंगापुर

सिंगापुर में आइसक्रीम खाने का तरीका जरा हटके है। यहां सड़क किनारे आइसक्रीम विक्रेता आइसक्रीम का एक बड़ा आयताकार टुकड़ा काटते हैं, इसे रंगीन मीठी ब्रेड के स्लाइस



में लपेटकर या दो वेफर्स के बीच रखकर देते हैं। यह सिंगापुर में एक बेहद सस्ता और लोकप्रिय स्ट्रीट फूड है। इसमें लगाई जाने वाली ब्रेड थोड़ी मीठी और अकसर रंगीन (जैसे गुलाबी या हरा) होती है। सैंडविच आइसक्रीम कॉर्न (मक्का), डूरियन (एक तीखी गंध वाला फल) और यम जैसे अनोखे फ्लेवर्स में भी मिलते हैं।

## फालूदेह आइसक्रीम ईरान

फालूदेह दुनिया की सबसे पुरानी फ्रोजन डेजर्ट्स में से एक है। यह फारस (अब ईरान) की एक शानदार ठंडी मिठाई है,



जो 400 ईसा पूर्व के समय से चली आ रही है। फालुदेह पारंपरिक आइसक्रीम जैसी नहीं होती। इसमें चावल के आटे के बने नूडल्स होते हैं, जिन्हें सेमी-फ्रोजन सिरप में मिलाया जाता है। इसमें गुलाब जल मिलाकर इसे खट्टे चेरी, सॉस या नीबू के रस के साथ परोसा जाता है। यह पारंपरिक आइसक्रीम की तरह क्रीमी नहीं, एक गाढ़े शर्बत जैसा एहसास देती है।

### सबसे महंगी आइसक्रीम

**बच्चो, जापान** की बयाकुया दुनिया की सबसे महंगी आइसक्रीम है। इसकी कीमत भारतीय मुद्रा में करीब 5.3



लाख रुपए है। इस आइसक्रीम के महंगे होने की एक वजह यह भी है कि इसमें व्हाइट ट्रफल और सोने की परत का इस्तेमाल किया जाता है।

## होकी पोकी आइसक्रीम न्यूजीलैंड

न्यूजीलैंड के लोग आइसक्रीम के बेहद शौकीन होते हैं। यहां की सबसे प्रसिद्ध आइसक्रीम 'होकी पोकी' है। वैसे तो यह



साधारण वनीला आइसक्रीम होती है, लेकिन इसमें हनीकॉम्ब टॉफी के कुरकुरे टुकड़े मिलाए जाते हैं, जिससे इसका स्वाद अनूठा हो जाता है। *

कविता / घमंडीलाल अग्रवाल

## आइसक्रीम का लुत्फ उठाओ

आइसक्रीम का लुत्फ उठाओ
लुत्फ उठाओ गोलू!
पिस्ता, केसर, चॉकलेट की
मैंगो, रबड़ी वाली,
स्ट्रॉबेरी और वनीला
ओरेंज बड़ी निराली,
अब खरीद कर इनको खाओ
इनको खाओ गोलू!
सस्ती भी हैं, महंगी भी हैं
जैसी चाहो लेना,

इस गर्मी की ऋतु में लेकिन
भुला न इनको देना,
फौरन घर से बाहर आओ
बाहर आओ गोलू!
तुम्हें पता ये कैसे बनतीं
क्या-क्या चीज मिलाते,
दूध, मलाई, चीनी, खोया
फ्लेवर डाले जाते,
अपने मुख का स्वाद बढ़ाओ
स्वाद बढ़ाओ गोलू!



तुम्हारे लिए नई किताब / नीलम राकेश

## बालिकाओं की रोचक-प्रेरक कहानियां

बच्चों के लिए नागेश पांडेय 'संजय' के कई कहानी संग्रह आ चुके हैं। इनके संपादन में तुम्हारे लिए एक और कहानी संग्रह आया है - 'बालिकाओं की रोचक कहानियां'। इसमें उन्होंने देश के कई जाने-माने बाल साहित्यकारों की कहानियां संकलित की हैं, जो बालिकाओं को केंद्र में रखकर लिखी गई हैं। ये कहानियां रोचक तो हैं ही, प्रेरक भी हैं।



क्षमा शर्मा की कहानी 'दिवाली के दिन' में किशोरियों को यह समझ दी गई है कि माता-पिता और भाई ही उनके असली शुभचिंतक होते हैं। दिविक रमेश ने बालिकाओं पर जरूरत से ज्यादा नियंत्रण को लेकर 'रितु के पापा' शीर्षक से एक कहानी लिखी है। प्रकाश मनु की मनोरंजक कहानी 'खीर खाई टेडी बीयर ने' पढ़कर तुम्हें खूब मजा आएगा। शकुंतला कालरा की कहानी 'मदर्स-डे' में यह संदेश है कि भावनाएं अमूल्य होती हैं, भावनाओं की कीमत को भावनाओं से ही चुकाया जा सकता है। सूर्यनाथ सिंह की कहानी 'नानू का ननिहाल' में बच्चों को सैर-सपाटे का आनंद तो मिलेगा ही, अंधविश्वासों से सतर्क रहने की शिक्षा भी मिलेगी। समीर गांगुली की कहानी 'फूलों की खोज' बताती है, हमें हमेशा दूसरों की मदद करनी चाहिए। देवेंद्र कुमार की कहानी 'झुमकी का सपना' पढ़कर तुम झुमकी की तरह किसी लड़की का सपना पूरा करने के लिए प्रेरित होगे। उषा यादव की कहानी 'समय की कीमत' का संदेश है, हमें हमेशा समय का महत्व समझना चाहिए। इस कहानी संकलन में संपादक नागेश पांडेय 'संजय की भी एक कहानी 'मुझे कोई प्यार नहीं करता' पढ़ने को मिलेगी, जिसमें बताया गया है, अपने से छोटों को मिलते प्यार से ईर्ष्या नहीं करनी चाहिए।

इनके अलावा इस किताब में संकलित अन्य लेखकों की कहानियां पढ़कर भी तुम्हें अच्छी सीखें मिलेंगी। *

**किताब:** बालिकाओं की रोचक कहानियां, **संपादक:** डॉ. नागेश पांडेय 'संजय'
**मूल्य:** 230 रुपए, **प्रकाशक:** लवकुश प्रकाशन, लखनऊ



कहानी

विजयवीर सहाय

निधि, ऋद्धि और सिद्धि के पापा बहुत बड़े वैज्ञानिक थे। पापा ने अपनी तीनों बेटियों के कान के पीछे एक ऐसी अनोखी चिप लगा रखी थी, जिससे वे सामने वाले के मन की बात पढ़ सकती थीं। इस चिप और अपनी हिम्मत-समझदारी से तीनों बहनों ने अपने पापा को खतरे से बचाया ही, देश की रक्षा भी की। पढ़ो, तीन साहसी लड़कियों की कहानी।

## चमत्कारी चिप



एआई इमेज

तीन बहनें थीं-निधि, ऋद्धि और सिद्धि। इनके पापा रवि एक बड़े वैज्ञानिक थे। उन्हें कई पुरस्कार और सम्मान मिल चुके थे। वह हरदम इंसानों की भलाई और देश की सुरक्षा के लिए नई-नई खोजों में लगे रहते। दिन में ऑफिस की प्रयोगशाला में काम करते तो रात में काम करने के लिए उन्होंने एक छोटी-सी प्रयोगशाला घर में बना रखी थी। अपने पापा को देखकर निधि-ऋद्धि-सिद्धि को भी विज्ञान में ज्यादा ही रुचि हो गई थी। स्कूल में साइंस की टीचर तरह-तरह के जो प्रयोग करके दिखातीं, उन्हें वे बड़े गौर से देखतीं। घर में रेडियो, टीवी और मोबाइल में आवाज और चित्र कैसे आते हैं? इस तरह के सवाल तीनों अपने पापा से पूछती रहती थीं। पापा भी उनकी जिज्ञासा शांत किया करते थे। वह अपने बच्चों को विज्ञान संबंधी पत्रिकाएं और किताबें लाकर दिया करते थे। निधि-ऋद्धि-सिद्धि की जिज्ञासा को देखते हुए पापा ने उन्हें घर की प्रयोगशाला में जाने की अनुमति दे रखी थी। पापा ने तीनों बहनों के कान के पीछे एक चिप लगा दी, जिससे वे सामने वाले के मन की बात पढ़ सकती थीं। इसके अलावा इस चिप के जरिए बिना बोले मानसिक तरंगों से एक-दूसरे तक अपनी बात पहुंचा सकती थीं। इससे उन्हें आपस में बात करने में बड़ा मजा आता। कभी किसी सामने वाले के मन की बात पता लगने पर पहले ही उसकी बात बोल देतीं और तब उसकी अचंभित सूरत देखकर खूब हंसतीं।

इन दिनों पापा एक ऐसी गैस का आविष्कार करने में जुटे थे, जो आपस में लड़-झगड़ रहे, हिंसा कर रहे लोगों पर छोड़ी जाए तो तुरंत वे यह सब छोड़कर शांति और दोस्ती का व्यवहार करने लगें। उनका कहना था कि जब लाफिंग गैस से लोगों को हंसाया जा सकता है या किसी गैस से उन्हें गुस्सैल और हिंसक बनाया जा सकता है तो ऐसी गैस क्यों नहीं बन सकती, जो लोगों के गुस्से को प्रेम और शांति की भावना में बदल दे?

एक दिन पापा दो बिल्लियों को प्रयोगशाला में लाए और एक गैस उनकी नाक के पास स्प्रे कर दी। कुछ ही पलों में दोनों गुर्रा कर एक-दूसरे पर हमला करने लगीं। फिर पापा ने दूसरे कंटेनर से गैस स्प्रे किया तो दूसरे ही पल वे शांत होकर आपस में प्यार से खेलने लगीं। यह देखकर पापा खुशी से उछल पड़े। तीनों बेटियों की तरफ देखकर बोले, 'अरे वाह, देखो-देखो सफल हो गई मेरी मेहनत।' निधि, ऋद्धि और सिद्धि ने भी तालियां बजाकर अपने पापा को बधाई दी।

एक दिन चार लोग पापा से मिलने आए। उन्हें ड्रॉइंगरूम में बैठाया गया। पापा उस समय प्रयोगशाला में थे। निधि उन्हें बुलाने चली गई और ऋद्धि मेहमानों के लिए पानी लेकर गई। पानी के गिलास उन्हें पकड़ा कर एक ओर खड़ी हो गई कि गिलास खाली हो जाएं तो वह वापस ले जाए।

तभी उसकी नजर उनके चेहरों पर पड़ी और उसके दिमाग से जुड़ी चिप ने संकेत दिया कि ये अच्छे लोग नहीं हैं। घर में खतरनाक इरादे से आए हैं। उसने तुरंत निधि को संदेश भेजा कि पापा को यहां आने से रोक दे, पर तब तक पापा दरवाजे से अंदर आते दिखे। ऋद्धि वहीं रुक गई और निधि को संदेश भेजा कि प्रयोगशाला से नई गैस वाला कंटेनर लेकर आए और सिद्धि को संदेश भेजा कि पुलिस को फोन करके तुरंत यहां आने को कहे। पापा के ड्रॉइंग रूम में आते ही चारों लोग एक साथ उठे और एक ने ऋद्धि को पकड़ कर उसका मुंह दबा दिया और दो लोगों ने उठकर पापा को दबोच लिया, चौथे ने उनकी कनपटी पर रिवॉल्वर सटाते हुए कहा, 'अपना नया फॉर्मूला तुरंत हमारे हवाले कर दो, शोर मचाया तो गोली मार दूंगा।'

'मार दो गोली, कोई फॉर्मूला तुम लोगों को नहीं दूंगा।' पापा ने दृढ़ता से कहा।

'अच्छा तो ऐसे नहीं मानोगे, ऐ जरा इनको समझाना तो..।' कहते हुए एक ने रिवॉल्वर वाले को इशारा किया। तभी निधि ने वहां आकर कंटेनर से ढेर सारी गैस स्प्रे कर दी। अगले ही पल उन्होंने पापा को छोड़ दिया और बड़े आदर के साथ हाथ जोड़कर एक बोला, 'सर, आप अपना फॉर्मूला हमें दे दीजिए, वर्ना हमारा बॉस हमारी जान ले लेगा।'

'जान तो हम भी नहीं छोड़ेंगे, न तुम लोगों की और न तुम्हारे बॉस की। चुपचाप हमारे साथ पुलिस स्टेशन चलो।' पुलिस इंस्पेक्टर ने कुछ सिपाहियों के साथ अंदर आते हुए कहा। सिपाहियों ने लपक कर चारों को हथकड़ी लगा दी और साथ लेकर चले गए। पूछताछ में पता चला कि चारों किसी खतरनाक गैंग के सदस्य थे, जो पापा की नई खास खोज का फॉर्मूला लेकर दुश्मन देश के हाथ बेचना चाहते थे। पापा की खोजी नई गैस, चमत्कारी चिप और निधि, ऋद्धि, सिद्धि की हिम्मत और समझदारी ने सब बदमाशों को पकड़वा दिया। अखबार, टीवी और रेडियो समाचारों में पापा की खोज और तीनों बहनों की हिम्मत और समझदारी की खूब तारीफ हुई। *

## बूझो तो जानें



1 फल पाचन का पावर हाउस,
इसमें पेपीन एंजाइम होता।
पेट की गैस, एसिडिटी मिटाता,
पकने पर रंग पीला होता।

2 फाइबर का भरपूर खजाना,
करता सही है पाचन तंत्र।
विटामिन सी भरपूर है इसमें,
स्वास्थ्य का देता सुंदर मंत्र।

3 ब्रोमोलिन एंजाइम इसमें,
प्रोटीन पचाने में है सहायक।
विटामिन सी है, मैंगनीज भी,
सिर पर मुकुट सजाए नायक।

4 रात भिगो दें, प्रातः खाएं।
हाई बीपी रोग भगाएं।
खराब कोलेस्ट्रॉल घटाता।
नियमित सेवन स्वास्थ्य प्रदाता।

-गौरीशंकर वैश्य विनम्र

(उल्टा छपा) उत्तर - 1 पपीता 2 अमरूद 3 अनानास 4 बादाम

## जीके क्विज-206

1. तमिलनाडु के नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री का क्या नाम है?
2. अमेरिका की खोज किसने की थी?
3. शतरंज के इतिहास में दूसरे सबसे कम उम्र के ग्रैंड मास्टर कौन बने हैं?
4. विश्व पर्यावरण दिवस कब मनाया जाता है?
5. बाणभट्ट किस शासक के दरबारी कवि थे?
6. स्वामी विवेकानंद के आध्यात्मिक गुरु कौन थे?
7. भारत में दिया जाने वाला सर्वोच्च नागरिक सम्मान कौन-सा है?
8. पेड़-पौधे किस रासायनिक प्रक्रिया द्वारा अपना भोजन बनाते हैं?
9. 'ग्रैंड ओल्ड मैन ऑफ इंडिया' के नाम से किसे जाना जाता है?
10. किस ग्रह को पृथ्वी की जुड़वा बहन कहा जाता है?



बच्चो, जीके क्विज-206 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-205 का उत्तर :** 1. शुभेंदु अधिकारी, 2. सोमनाथ मंदिर, 3. असम, 4. उत्तर प्रदेश, 5. शाहजहां, 6. राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर, 7. सोडियम, 8. ओटावा, 9. हरा, 10. जय प्रकाश नारायण

**जीके क्विज-205 का सही उत्तर देने वाले :** डिगेंद्र-रायपुर, ऊर्जस्वी-सारंगढ़ बिलाईगढ़, जिया शिया-रायगढ़, वर्णिका-खैरागढ़, कीर्ति-ईमेल से, कबीर-हिसार, पूरब-बिलासपुर, महक-रोहतक, सचिन-महासमुंद, सौरभ-बालोद, रोहित-दुर्ग

## रंग भरो-202

**रंग भरो-202** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





तन्वी, महेंद्रगढ़



आन्या, दुर्ग



ईशान, ईमेल से



दिशा, बिलासपुर



सोनम, रायपुर



रशिका, जांजगीर

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

आराध्या-रायपुर, प्रगति-बिलासपुर, सुमन-भोपाल, कुसुम्र-रोहतक, प्रिया-जबलपुर, नीरज-महासमुंद, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, अतुल-जांजगीर, कविता-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, रोहित-करनाल, आदर्श-रोहतक

## रंग भरो 203



बच्चो, यहां जंबो हाथी का एक प्यारा-सा ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो: संपादक-फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।

## खबर संक्षेप

### बीयर की अवैध 768 बोतलों सहित दो आरोपी पकड़े

**झज्जर।** स्पेशल स्टॉफ की एक टीम द्वारा स्कॉर्पियो गाड़ी में अवैध बीयर भर कर ले जाते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। स्पेशल स्टॉफ प्रभारी उप निरीक्षक राजेश कुमार ने बताया कि मुख्य सिपाही अमरजीत की पुलिस टीम को गुप्त सूचना मिली थी की एक स्कॉर्पियो गाड़ी जिसमें अवैध बीयर भरी हुई है जिसे कृष्ण और जयवीर बेरी की तरफ से जहाजगढ़ होते हुए झाड़ली की तरफ जाएंगे। जिस पर कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम द्वारा भागलपुरी चौक पर नाकाबंदी की गई। इस दौरान पुलिस टीम ने एक स्कार्पियों गाड़ी को रुकवाया गया। पूछताछ में पता चला कि गाड़ी को कृष्ण निवासी नौगांवा चला रहा था और उसके साथ में जयवीर निवासी सुंदरेहटी बैठा हुआ था। गाड़ी को चैक करने पर उसमें बीयर की 768 बोतल बरामद हुई। पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ नियमानुसार मामला दर्ज करते हुए आगामी कार्यवाई अमल में लाई गई है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में किसान की मौत

**झज्जर।** क्षेत्र के गांव मातनहेल में खेत में जुताई का कार्य कर रहे एक किसान की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक की पहचान करीब 48 वर्षीय देवेंद्र पुत्र दलबीर के तौर पर हुई है। दलबीर जमींदारा करता था और बुधवार को भी खेत में काम कर रहा था। जब वह ट्रैक्टर से खेत में काम कर रहा था तो अचानक उसकी तबीयत बिगड़ गई। इसके बाद जब साथ लगते खेत में काम कर रहे उसके भतीजे सोनू ने उसे देखा तो वह उसे उपचार के लिए स्थानीय नागरिक अस्पताल लेकर पहुंचा। यहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले के जांच अधिकारी सर्वजीत सिंह ने बताया कि मृतक के भजीते सोनू के बयान पर इत्तिफाकिया कार्रवाई अमल में लाई गई है।

### दुजाना गांव में मिला प्रवासी युवक का शव

**झज्जर।** वीरवार की सुबह क्षेत्र के गांव दुजाना के खेतों में एक प्रवासी युवक का शव मिला है। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची तथा ग्रामीणों से मामले की जानकारी लेते हुए शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए स्थानीय नागरिक अस्पताल भिजवाया। मामले के जांच अधिकारी प्रदीप कुमार ने बताया कि सूचना मिलने के बाद जब वे मौके पर पहुंचे तो वहां खेतों में ट्यूबवेल वाले स्थान पर प्रवासी युवक का शव पड़ा था।

*करीब सवा घंटे बंद रहा कोसली-चरखी दादरी मार्ग*

# पानी किल्लत से परेशान गांव बिरोहड़ की महिलाएं सड़कों पर उतरी, लगाया जाम



झज्जर। सड़क के बीचों बीच ट्रैक्टर अड़ाकर लगाया गया जाम। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▸▸ झज्जर

पिछले करीब दस दिनों से पानी न आने से परेशान गांव बिरोहड़ की महिलाएं सड़कों पर उतर आई और कोसली-चरखी दादरी मार्ग पर जाम लगा दिया। महिलाओं ने जलघर के सामने मटके फोड़कर पर आक्रोश जताया। चिलचिलाती धूप के बीच महिलाएं सड़कों पर डटी रही और किसी भी वाहन को नहीं गुजरने दिया। जिसके कारण सड़क पर वाहनों की लंबी कतारें लग गई और राहगीरों व वाहन चालकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। बाद में जाम की सूचना मिलने पर साल्हावास थाना प्रभारी मौके पर पहुंचे और महिलाओं को समझाने का प्रयास किया। लेकिन महिलाएं समस्या का स्थाई समाधान नहीं होने तक जाम न खोलने पर अड़ी रही। महिलाओं का कहना है कि पिछले दस दिनों से पानी की समस्या बनी हुई है। भीषण गर्मी में रोजमर्रा के कार्य निपटाने में भी परेशानी हो रही है। जिसके कारण मजबूरीवश उन्हें सड़कों पर उतरना पड़ा है। बाद में तहसीलदार कृष्ण कुमार, एसीपी अनिल कुमार आौर पब्लिक हेल्थ विभाग के एसडीओ मौके पर पहुंचे और महिलाओं को समझाया। एसडीओ ने कहा कि जब तक गांव में पानी की समस्या का स्थाई समाधान नहीं हो जाता, तब तक प्रतिदिन टेंकर से घर घर पानी दिया जाएगा। इस आश्वासन पर महिलाएं जाम खोलने पर राजी हुई और जाम खोल दिया। भीषण गर्मी में करीब सवा घंटे बाद जाम खुला और यातायात सुचारू हो पाया।

## डिफेंस कॉलोनी में सप्ताह भर से हो रही दूषित पेयज की सप्लाई, बच्चे पड़ने लगे बीमार

**झज्जर।** शहर की डिफेंस कॉलोनी में पिछले करीब सप्ताह भर से पेयजल सप्लाई के दौरान बेहद गंदा और बदबूदार पानी आने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कालोनीवासियों का कहना है कि भीषण गर्मी के बीच स्थिति और गंभीर हो गई है। दूषित पानी के कारण कई बच्चे बीमार भी हो चुके हैं। कालोनीवासी राजेंद्र ठेकेदार, मनोज सैनी एडवोकेट, नवीन कुमार, प्रवीण कुमार, विजय सैनी, कलावती और शंकर मिश्रा आदि ने बताया कि नलों में आने वाला पानी इतना गंदा है कि वह नहाने और कपड़े धोने के काम भी नहीं आ रहा। पानी में बदबू होने के कारण बाथरूम और घर के आसपास भी दुर्गंध फैल जाती है। मजबूरी में उन्हें दूर-दराज से पानी लाना पड़ रहा है। पीने व घरेलू उपयोग के लिए भी वे पानी खरीदने को मजबूर हैं। सुबह के समय बच्चों को स्कूल के लिए तैयार करने में भी परेशानी आ रही है। नवीन कायत व हरीश कुमार ने बताया कि समस्या को लेकर संबंधित विभाग के पोर्टल पर भी शिकायत दर्ज करवाई जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं हुआ। लोगों ने प्रशासन और जनस्वास्थ्य विभाग से जल्द से जल्द समस्या का स्थायी समाधान कराने की मांग की है, ताकि गर्मी के मौसम में लोगों को राहत मिल सके और बीमारियों का खतरा न बढ़े।



झज्जर। सप्लाई के दौरान आए दूषित पानी को दिखाते हुए कॉलोनीवासी।

**शीघ्र किया जाएगा समाधान :** इस संबंध में विभाग के एसडीई नवीन कुमार ने बताया कि कालोनीवासियों द्वारा दी गई शिकायत उन्हें एक दिन पहले प्राप्त हुई है। दिनभर कर्मचारी दूसरे स्थानों से मिली शिकायत दूर करने में व्यस्त थे। शुक्रवार समस्या का समाधान कर दिया जाएगा।

## ग्रामीण सफाई कर्मियों की हड़ताल ने बढ़ाई परेशानी, आज फूकेंगे पुतला

हरिभूमि न्यूज ▸▸ झज्जर

लंबित मांगों को लेकर लघु सचिवालय परिसर में धरनारत ग्रामीण सफाई कर्मचारियों ने वीरवार को भी भीषण गर्मी के बीच नारे लगाते हुए अपनी मांगों की आवाज उठाई। यूनियन नेता संदीप कुमार मारौत ने कहा कि जब तक सरकार उनकी यूनियन से बातचीत कर समस्याओं का समाधान नहीं करती और किए गए वादों को पूरा नहीं करती, तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि पूरे प्रदेश में ग्रामीण सफाई कर्मचारी मंत्रियों के पुतलों की शव यात्रा निकालते हुए सरकार के पुतले फूंक रहे हैं, जिससे कर्मचारियों में सरकार के प्रति बढ़ते रोष और नाराजगी का पता चलता है। उनकी यूनियन द्वारा शुक्रवार को सरकार के प्रतीकात्मक पुतला जलाया जाएगा। इस दौरान कर्मचारी लघु सचिवालय परिसर से सिलानी गेट के राव तुलाराम चौक पहुंचेंगे तथा वहीं पुतला फूंका जाएगा। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने समय रहते यूनियन से वार्ता नहीं करती है तो वे पूर्व नियोजित कार्यक्रमानुसार 24 और 25 मई को कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी के कार्यस्थल नरवाना पहुंच कर दो दिवसीय महापड़ाव डालेंगे जिसकी तैयारियों जिला और ब्लॉक स्तर पर की जा रही है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा सफाई कर्मचारियों को 26 हजार रुपये वेतन देने की घोषणा गई थी जिसे अभी तक लागू नहीं किया।



झज्जर। धरनास्थल पर उपस्थित ग्रामीण सफाई कर्मियों के बीच उपस्थित विधायक कुलदीप वत्स व अन्य।

**विधायक ने दिया समर्थन**

धरने के दौरान विधायक कुलदीप वत्स ने भी कार्यकर्ताओं के साथ पहुंच कर धरने पर बैठे ग्रामीण सफाई कर्मचारियों को समर्थन दिया। उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा सत्र में ग्रामीण सफाई कर्मचारियों की आवाज उठाएंगे।

## राजकीय महाविद्यालय दूबलधन में सम्मान समारोह की तैयारियां पूरी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ झज्जर



महिपाल ढांडा

■ भजन मंडलियां भी गांव-गांव में लोगों का मनोरंजन कराते हुए समारोह का निमंत्रण दे रही

महर्षि दुर्वाशा ऋषि की तपोभूमि गांव दूबलधन में शुक्रवार को शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा के आगमन को सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। स्थानीय राजकीय महाविद्यालय परिसर को सम्मान समारोह के लिए पूर्णता तैयार कर दिया गया है। शिक्षा सुधार समिति के अध्यक्ष सुख चंद और उपप्रधान जयभगवान कादियान ने बताया कि इस भव्य आयोजन के लिए बनी सभी समितियां पिछले कई दिनों से तैयारियों में जुटी हुई हैं। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में संजय मलिक का प्रेरणादाई गीत और महिलाओं के लोकगीत भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। बाबा मोहनदास देवालय के महंत छतर सिंह ने भी लोगों को कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में पहुंचने की अपील की है, वहीं महंत राजेंद्र दास ने भी अपनी साध संगत को कालेज पहुंचने के निर्देश दिए है। उन्होंने बताया कि इस आयोजन में हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं का सम्मान कार्यक्रम भी विशेष आकर्षण का केंद्र होगा। कार्यक्रम में सूचना एवं लोक संपर्क विभाग की भजन मंडलियां भी गांव-गांव में लोगों का मनोरंजन कराते हुए समारोह का निमंत्रण दे रही है।

## सोशल मीडिया पर अश्लीलता को लेकर किया विरोध प्रदर्शन

**झज्जर।** सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों पर बढ़ती अश्लीलता और अभद्र सामग्री के विरोध में लोगों ने जोरदार प्रदर्शन किया। अनिल धानक के नेतृत्व में प्रदर्शनकारियों ने जिला प्रशासन के माध्यम से सरकार के नाम ज्ञापन सौंपकर फेसबुक और इंस्टाग्राम पर अश्लील कंटेंट डालने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग उठाई। उन्होंने कहा कि व्यूज और फॉलोअर्स बढ़ाने की होड़ में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों पर लगातार अश्लील और अभद्र वीडियो परोसे जा रहे हैं, जिससे समाज का माहौल खराब हो रहा है। इसका सबसे ज्यादा दुष्प्रभाव बच्चों और युवाओं पर पड़ रहा है।




झज्जर। तहसीलदार शेखर नरवाल को ज्ञापन सौंपते हुए अनिल धानक।

लोगों ने मांग करते हुए कहा कि जिस प्रकार सरकार गन कल्चर पर रोक लगाने के लिए सख्ती और फिल्टर व्यवस्था लागू कर रही है, उसी तरह सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों पर भी तकनीकी फिल्टर लगाए जाएं ताकि अश्लील और अभद्र वीडियो अपलोड ही न हो सकें। प्रदर्शनकारियों ने सरकार से सोशल मीडिया पर अश्लीलता फैलाने वाले लोगों की पहचान कर उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की मांग भी की। प्रदर्शन के बाद उन्होंने तहसीलदार शेखर नरवाल को ज्ञापन सौंपा।

### मंडल अध्यक्ष ने ली शक्ति केंद्रों की बैठक



बहादुरगढ़। बैठक में मौजूद पदाधिकारी व कार्यकर्ता। फोटो : हरिभूमि

*बहादुरगढ़। भाजपा शहरी मंडल अध्यक्ष संजय सैनी ने अपने कार्यालय पर शक्ति केंद्रों की कामकाजी बैठक आयोजित की। बैठक में शहरी मंडल के सभी शक्ति केंद्रों के कार्यकर्ताओं ने भाग लिया और संगठन को मजबूत बनाने को लेकर चर्चा की गई। बैठक में बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने, सदस्यता अभियान की समीक्षा, केंद्र व हरियाणा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार और आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विचार-विमर्श किया गया। इसके साथ ही सोशल मीडिया अभियान, पन्ना प्रमुखों की स्थिति और क्षेत्र की जनसमस्याओं पर भी चर्चा हुई। सैनी ने कार्यकर्ताओं से पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ काम करने का आह्वान किया। इस मौके पर रमेश आर्य, आशु, नरेश, विजय, नरेंद्र शर्मा, सतीश प्रधान, रणबीर प्रधान, विनय, सचिन, जतिन, सोनू, दीपक और संदीप आदि मौजूद रहे।*

### जनगणना कार्य निर्धारित समय में पूरा नहीं करने पर दर्ज होगी एफआईआर

**झज्जर।** नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी देवेंद्र कुमार ने कहा कि जनगणना 2027 का कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण कार्य है। इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निर्धारित समय सीमा में कार्य पूरा नहीं करने वाले प्रगणकों एवं सुपरवाइजरों के विरुद्ध नियमानुसार एफआईआर दर्ज करवाने की कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने बताया कि नगर परिषद की सीमा में कुल 26 हजार 269 जनगणना हाऊस चिन्हित किए गए हैं, जिनमें से अब तक 22 हजार 275 घरों की हाऊस लिस्टिंग का कार्य पूरा किया जा चुका है, जो कुल कार्य का लगभग 84.80 प्रतिशत है। जनगणना कार्य के लिए नगर परिषद क्षेत्र में 103 ब्लॉक बनाए गए हैं, जिनमें 103 प्रगणक तथा 19 सुपरवाइजर नियुक्त किए गए हैं।

**बदलते समय में भी सबसे भरोसेमंद है बीए : डॉ. अमित**

# जिले के 14 कॉलेजों में 7240 सीटों में से बीए की सर्वाधिक 3800 सीटें

■ बीए केवल पारंपरिक शिक्षा तक सीमित नहीं है बल्कि यह कई प्रतियोगी परीक्षाओं और रोजगार क्षेत्रों के लिए मजबूत आधार तैयार करता है

हरिभूमि न्यूज ▸▸ झज्जर

विभिन्न कॉलेजों में बीए, बीएससी, बीकॉम, बीबीए और बीसीए आदि स्नातक कक्षाओं के दाखिलों के लिए ऑनलाइन आवेदन जारी हैं। राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉक्टर अमित भारद्वाज ने बताया कि विद्यार्थी 31 मई तक उच्चतर शिक्षा विभाग के एडमिशन पोर्टल admissions.highereduhry.ac.in पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में भी बीए विद्यार्थियों के बीच सबसे लोकप्रिय पाठ्यक्रमों में शामिल है। बदलते शैक्षणिक और व्यावसायिक परिवेश के बावजूद बीए की उपयोगिता लगातार बनी हुई है। जिले के 12 सरकारी तथा 02 सरकारी सहायता प्राप्त कॉलेजों में स्नातक स्तर पर कुल 7240 सीटें उपलब्ध हैं, जिनमें अकेले बीए की लगभग 3800 सीटें हैं। यह कुल सीटों का लगभग 52 प्रतिशत है, यानि बाकी सभी कोर्सों की सारी सीटें मिलाकर भी बीए से कम हैं और सबसे ज्यादा आवेदन बीए के लिए ही किये जाते हैं। उन्होंने बताया कि बीए पाठ्यक्रम में हिंदी, अंग्रेजी, इतिहास, राजनीति शास्त्र, भूगोल, पत्रकारिता एवं जनसंचार, समाजशास्त्र, अर्थशास्त्र, संगीत, मनोविज्ञान, संस्कृत, शारीरिक शिक्षा और रक्षा अध्ययन जैसे अनेक विषय पढ़ाए जाते हैं। ये विषय विद्यार्थियों में तार्किक सोच, अभिव्यक्ति क्षमता, सामाजिक समझ और विश्लेषणात्मक दृष्टिकोण विकसित करने में सहायक होते हैं। उन्होंने बताया कि बीए केवल पारंपरिक शिक्षा तक सीमित नहीं है बल्कि यह कई प्रतियोगी परीक्षाओं और रोजगार क्षेत्रों के लिए मजबूत आधार तैयार करता है। बीए के बाद विद्यार्थी बीएड, एमए, नेट, पीएचडी के माध्यम से शिक्षण एवं शोध क्षेत्र में आगे बढ़ सकते हैं। वहीं यूपीएससी, एचएसएससी, एसएससी, बैंकिंग, रेलवे और अन्य प्रशासनिक सेवाओं की तैयारी में भी बीए के विषयों की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। इसके अलावा बीए के किसी भी विषय में निपुणता हासिल करके उसमें स्वतंत्र करियर बनाया जा सकता है। उन्होंने बताया कि नई शिक्षा नीति के लागू होने के बाद बीए पाठ्यक्रम अधिक लचीला और बहुविषयी बन गया है। विद्यार्थी अब विज्ञान और वाणिज्य के विषयों को भी बीए के साथ पढ़ सकते हैं और अपनी रुचि के अनुसार विभिन्न विषयों का कॉम्बिनेशन चुन सकते हैं तथा कौशल आधारित पाठ्यक्रमों का लाभ भी प्राप्त कर सकते हैं।

**किस कॉलेज में कितनी सीटें**



डॉ. अमित भारद्वाज
मीडिया प्रभारी

राजकीय महाविद्यालय झज्जर में बीए की 480 सीटें, राजकीय महाविद्यालय बहादुरगढ़ में 320, राजकीय महाविद्यालय, बहादुरगढ़ (सायंकालीन) में 200, राजकीय महिला महाविद्यालय बहादुरगढ़ में 280, राजकीय महाविद्यालय बादली में 400, राजकीय महाविद्यालय बिरोहड़ में 280, राजकीय महाविद्यालय छारा में 240, राजकीय महाविद्यालय दूबलधन में 240, राजकीय महाविद्यालय दुजाना में 240, राजकीय महाविद्यालय मातनहेल में 240, राजकीय महाविद्यालय बहू में 160, राजकीय महाविद्यालय जसौर खेड़ी में 160, राजकीय महिला महाविद्यालय कुलाना में 80, महाराजा अग्रसेन महिला महाविद्यालय झज्जर में 320 तथा वैश्य आर्य कन्या महाविद्यालय बहादुरगढ़ में 160 सीटें हैं।

## न्यूज डायरी



### डीसी ने सुनीं लोगों की समस्याएं

**झज्जर।** वीरवार को आयोजित समाधान शिविर में डीसी वर्षा खांगवाल ने आमजन की समस्याओं को सुना और संबंधित विभागीय अधिकारियों को समस्याओं के जल्द समाधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समाधान शिविर जनसमस्याओं के त्वरित समाधान का प्रभावी मंच है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि प्रत्येक शिकायत का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाए तथा किसी भी स्तर पर अनावश्यक देरी न हो। शिविर के दौरान विभिन्न विभागों से जुड़ी आठ शिकायतें प्राप्त हुईं।

### डीसी ने गर्मी से बचाव को लेकर व्यापक प्रबंध सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

**झज्जर।** डीसी वर्षा खांगवाल ने कहा कि दिन प्रतिदिन बढ़ रही गर्मी के मद्देनजर जिला प्रशासन आमजन को राहत पहुंचाने के लिए पूरी गंभीरता के साथ कार्य कर रहा है। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को गर्मी से बचाव को लेकर प्रभावी प्रबंध सुनिश्चित करने निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पर्याप्त पेयजल आपूर्ति, स्वास्थ्य सेवाएं, पशुओं के लिए पानी तथा सरकारी भवनों की सुरक्षा से जुड़े कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही सहन नहीं की जाएगी। उन्होंने सिविल सर्जन को निर्देश देते हुए कहा कि गर्मी के मौसम में आमजन की स्वास्थ्य सुरक्षा के दृष्टिगत सतर्कता बरती जाए। उन्होंने बाजारों में कटे-फटे फलों की बिक्री पर सख्ती से रोक लगाने तथा खुले में फल बेचने वालों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए।



### प्रशिक्षण कार्यशाला की तैयारियों को लेकर भाजपा पदाधिकारियों की हुई बैठक

**झज्जर।** वीरवार को जिला भाजपा कार्यालय कमलम में जिले के पदाधिकारियों द्वारा बैठक का आयोजन किया गया। आगामी 23-24 मई को समालखा स्थित सेवा साधना केंद्र में होने वाले जिला प्रशिक्षण कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर आयोजित इस बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष विकास वाल्मीकि ने की। उन्होंने सभी तैयारियों की विस्तारपूर्वक समीक्षा करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि संगठन के कार्यक्रम कार्यकर्ताओं की मेहनत और अनुशासन से ही सफल होते हैं। उन्होंने सभी पदाधिकारियों से आग्रह किया कि वे अपनी-अपनी जिम्मेदारियों का पूरी निष्ठा एवं समर्पण भाव से निभाएं। बैठक में कार्यक्रम की व्यवस्थाओं, कार्यकर्ताओं की भागीदारी, आवागमन, अनुशासन तथा अन्य संगठनात्मक विषयों पर चर्चा की गई। इस दौरान पदाधिकारियों ने कार्यक्रम को सफल बनाने के संबंध में अपने सुझाव भी दिए।



### निपुण मिशन के लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए लिया जाएगा फीडबैक

**झज्जर।** खंड परियोजना कार्यान्वयन इकाई द्वारा वीरवार को खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय बेरी में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में निपुण मिशन की प्रगति का विस्तृत मूल्यांकन किया गया तथा आगामी रणनीतियों पर विचार-विमर्श किया गया। जिला निपुण संयोजक डॉक्टर सुदर्शन पूनिया ने विद्यालय भ्रमण की स्थिति, नामांकन की प्रगति, शिक्षकों का निपुण डैशबोर्ड पर आवंटन तथा क्लास रेडीनेस प्रोग्राम के अंतर्गत विद्यार्थियों के प्रदर्शन जैसे महत्त्वपूर्ण विषयों पर आंकड़े साझा किए। जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी राजबाला मलिक ने कहा कि आंकड़े हमारा दर्पण है। स्कूल विजिट, नामांकन, शिक्षक आवंटन और निपुण डैशबोर्ड के आंकड़े स्पष्ट रूप से दर्शाते हैं कि हमें किन क्षेत्रों में और मेहनत करनी है। क्लास रेडीनेस प्रोग्राम के परिणाम उत्साहजनक हैं, लेकिन अभी और काम करना बाकी है। खंड शिक्षा अधिकारी रोहताश दहिया ने कहा कि निपुण मिशन के अंतर्गत ब्लॉक में जो भी कमियां हैं, उन्हें ठोस और व्यावहारिक रणनीति बनाकर दूर किया जाए। निपुण मिशन के लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए नियमित फीडबैक लिया जाएगा और प्रत्येक स्तर पर जवाबदेही सुनिश्चित की जाएगी।

### छबील लगाकर बुझाई राहगीरों की प्यास




**झज्जर।** बढ़ती गर्मी में लोगों को राहत दिलाने के उद्देश्य से शहर में छबील लगाने का सिलसिला जारी है। वीरवार को शहर के सर्कुलर रोड पर पीएमश्री राजकीय कन्या विद्यालय के नजदीक दुकानदारों द्वारा छबील लगाकर राहगीरों में मीठा पानी वितरित किया गया। आपसी सहयोग से लगाई गई इस छबील में सैंकड़ों राहगीरों ने शीतल शर्बत पीकर अपनी प्यास बुझाई। इस दौरान नितिन कौशिक, अमित राव, दीपक, अमित गोठवाल, कर्मबीर यादव, मनीष आदि ने सेवाएं दीं।

### भीषण गर्मी में लोड से जल रही बिजली की तारें




**बहादुरगढ़।** इन दिनों भीषण गर्मी पड़ रही है। तापमान लगातर 45 डिग्री के आसपास है। तेज धूप और लू के थपेड़ों के चलते जन जीवन प्रभावित है। दोपहर के वक्त आवाजाही कम हो गई है। बढ़ती गर्मी के चलते बिजली की भी खपत बढ़ गई है। लोड बढ़ने के कारण ट्रांसफार्मरों, बिजली की तारों को नुकसान पहुंच रहा है। हर रोज किसी न किसी कॉलोनी में खंभों पर स्पार्किंग होकर तारें जल रही हैं। इस वजह से बिजली आपूर्ति बाधित होती है, जिस कारण आमजन को तकलीफ हो रही है। इससे कहीं ज्यादा परेशानी बिजली कर्मियों को झेलनी पड़ रही है। तेज धूप में तपते खंभों और बिजली की तारों के साथ कर्मचारी जूझते हुए फाल्ट ठीक कर रहे हैं। इस भीषण गर्मी में जहां सड़क पर निकलना भी मुश्किल हो गया है, वहीं दूसरी तरफ बिजली कर्मी खंभों पर चढ़कर लोगों को राहत देने के लिए पसीना बहा रहे हैं।

### समाधान शिविर में एसडीएम ने सुनीं जनसमस्याएं

**बहादुरगढ़।** वीरवार को उपमंडल अधिकारी अभिनव सिवाच ने समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं सुनीं और संबंधित विभागों के अधिकारियों को शिकायतों का जल्द समाधान करने के निर्देश दिए। समाधान शिविर में कुल 13 शिकायतें दर्ज की गईं। इनमें परिवार पहचान पत्र, पुलिस, शिक्षा, जन स्वास्थ्य, एचएसवीपी, पंचायत एवं विकास विभाग, पीडब्ल्यूडी तथा राजस्व विभाग से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुईं।

## खबर संक्षेप

### मादक पदार्थ सहित आरोपी गिरफ्तार

**बहादुरगढ़।** पुलिस की एंटी नार्कोटिक सैल ने स्मैक सहित एक आरोपी को काबू किया है। मेला ग्राउंड के पास से काबू किए गए आरोपी की पहचान हंसराज के रूप में हुई है। आरोपी के पास से 7.36 ग्राम स्मैक बरामद हुई। उसके खिलाफ सिटी थाने में केस दर्ज किया गया है। अदालत में पेश कर आरोपी को जेल भेज दिया गया।

### टांडाहेड़ी के खेतों में चोरी की वारदात

**बहादुरगढ़।** गांव टांडाहेड़ी के खेतों में चोरी की वारदात हो गई। यहां हवा सिंह के खेत से सोलर मोटर और कंट्रोलर चोरी हो गए हैं। जब वह खेत में गए तो वारदात का पता चला। इसके बाद पुलिस को शिकायत दी। सदर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर चोरी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### लव कुश फुटबॉल लीग का आगाज 24 से

**बहादुरगढ़।** गांव लोवा खुर्द में 24 मई से लव कुश फुटबॉल लीग का आगाज हो रहा है। लीग की तैयारियां जोरों पर हैं। इस बारे में कोच सुदर्शन ने बताया कि लव कुश स्पोर्ट्स क्लब की ओर से यह लीग कराई जाएगी। 24 मई को इसकी शुरुआत होगी। लीग में जिले की करीब 30 टीमें भाग लेंगी। हर रविवार या अवकाश के दिन मुकाबले होंगे। अंडर-8, 11, 13 व 15 वर्ग की टीमों के मुकाबले होंगे। जुलाई के प्रथम सप्ताह तक लीग चलने की संभावना है।

### 25 से शुरू होंगी दूसरे व चौथे सेमेस्टर की परीक्षा

**बहादुरगढ़।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय की सत्र 2025-26 की सम सेमेस्टर व रि-अपीयर परीक्षाएं वैश्य आर्य कन्या महाविद्यालय में संचालित हो रही हैं। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. राजवंती शर्मा ने बताया कि बीए, बीएससी, बीसीए और बीकॉम छठे सेमेस्टर की परीक्षाएं प्रातःकालीन व सायंकालीन सत्र में नियमानुसार करवाई जा रही हैं। यूजी और पीजी के द्वितीय व चतुर्थ सेमेस्टर की परीक्षाएं 25 मई से शुरू होंगी। परीक्षा केंद्र पर अनुशासन व सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जा रहा है।

## जिले के तैराकों ने पहले दिन जीते 5 गोल्ड मेडल

# चैंपियनशिप में झज्जर के तैराकों का दबदबा

*एचएल सिटी स्थित चैंपियंस स्पोर्ट्स एकेडमी में 61वीं सीनियर हरियाणा तैराकी प्रतियोगिता का शुभारंभ*

प्रतियोगिता के 800 मीटर फ्री स्टाइल पुरुष वर्ग में झज्जर के मयंक जून ने गोल्ड, प्रशांत गुलिया ने सिल्वर और रोहित लाठर ने कांस्य पदक जीता। महिला वर्ग में रोहतक की हर्षिता ने गोल्ड हासिल किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़



बहादुरगढ़। सीनियर राज्य तैराकी प्रतियोगिता में भाग लेते हुए तैराक। फोटो : हरिभूमि

एचएल सिटी स्थित चैंपियंस स्पोर्ट्स एकेडमी में 61वीं सीनियर हरियाणा तैराकी प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता का उद्घाटन हरियाणा ओलंपिक एसोसिएशन और भारतीय तैराकी संघ के उपाध्यक्ष अनिल खत्री ने किया। प्रतियोगिता की शुरुआत 800 मीटर फ्री स्टाइल इवेंट से हुई। पहले दिन झज्जर के तैराकों का शानदार प्रदर्शन देखने को मिला। झज्जर ने 5 गोल्ड मेडल जीतकर प्रतियोगिता में बढ़त बनाई।

प्रतियोगिता की 800 मीटर फ्री स्टाइल पुरुष वर्ग में झज्जर के मयंक जून ने गोल्ड, प्रशांत गुलिया ने सिल्वर और रोहित लाठर ने कांस्य पदक जीता। महिला वर्ग में रोहतक की हर्षिता ने गोल्ड हासिल किया।

वहीं, 200 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक पुरुष वर्ग में झज्जर के रोहित सोलंकी ने गोल्ड जीता, जबकि महिला वर्ग में झज्जर की प्रियांशी दलाल विजेता रहीं।

### प्रतियोगिता में प्रदेशभर से 250 तैराक ले रहे हिस्सा

100 मीटर फ्री स्टाइल पुरुष वर्ग में फरीदाबाद के मोहित मलिक ने गोल्ड जीता। महिला वर्ग में फरीदाबाद की लक्षिता पहले स्थान पर रहीं। जबकि 200 मीटर बटरफ्लाई पुरुष वर्ग में फरीदाबाद के दर्श सिंह ने गोल्ड जीता। महिला वर्ग में गुरुग्राम की स्तुति चैटर्जी विजेता रहीं। प्रतियोगिता में प्रदेशभर से करीब 250 तैराक हिस्सा ले रहे हैं। यह प्रतियोगिता दो दिन तक चलेगी। विजेता खिलाड़ी जून में अहमदाबाद में होने वाली सीनियर नेशनल स्विमिंग चैंपियनशिप में हरियाणा का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस अवसर पर रवि शिंगारी, सुनील खत्री, बलवान कादयान, सत्यनारायण शर्मा, साई जाधव और गूगन सिंह सहित कई कोच और अभिभावक मौजूद रहे।



बहादुरगढ़। प्रिंसिपल व शिक्षकों के साथ विजेता कनिष्क व उसके परिवार के सदस्य।

## कनिष्क ने इंटरनेशनल चैंपियनशिप में जीता सिल्वर

**बहादुरगढ़।** सेक्टर-9ए बाईपास स्थित सैनिक पब्लिक स्कूल के कक्षा छठी के छात्र कनिष्क ने अंतरराष्ट्रीय कराटे चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक हासिल किया है। प्रतियोगिता नई दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में आयोजित हुई थी। इसमें करीब 1500 खिलाड़ियों ने भाग लिया। जिनमें नेपाल, भूटान और श्रीलंका के प्रतिभागी भी शामिल थे। कनिष्क ने सब-जूनियर वर्ग में बेहतरीन प्रदर्शन कर सिल्वर मेडल अपने नाम किया। विद्यालय के प्रिंसिपल बीएल भारद्वाज ने छात्र की सफलता को उसकी मेहनत, अनुशासन और दृढ़ संकल्प का परिणाम बताया। विद्यालय में कनिष्क की माता और दादी का शॉल व फूलमाला पहनाकर सम्मान किया गया। कनिष्क के पिता वर्तमान में श्रीनगर में देश सेवा में तैनात होने के कारण कार्यक्रम में शामिल नहीं हो सके।

## जींद ने जीता पहला मुकाबला

*एचएल सिटी में सातवीं सीनियर हरियाणा स्टेट वाटर पोलो चैंपियनशिप का आगाज*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़



बहादुरगढ़। वाटरपोलो प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों से हाथ मिलाते राकेश जून।

एचएल सिटी की चैंपियंस स्पोर्ट्स अकादमी में 7वीं सीनियर हरियाणा राज्य वाटरपोलो प्रतियोगिता की शुरुआत वीरवार को हो गई। प्रतियोगिता का शुभारंभ एचएल सिटी के निदेशक राकेश जून ने किया। प्रतियोगिता में पुरुष और महिला वर्ग में प्रदेश के कई जिलों की टीमें भाग ले रही हैं।

पहले मुकाबले में जींद की टीम ने पानीपत को हराकर जीत दर्ज की। मैच के पहले हाफ में जींद ने तीन गोल की बढ़त बना ली थी। दूसरे हाफ में पानीपत ने वापसी की कोशिश की, लेकिन जींद की टीम ने अंत तक बढ़त बनाए रखते हुए मैच जीत लिया।

इस मौके पर राकेश जून ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि तैराकी ऐसा खेल है जो व्यक्तिगत और टीम भावना दोनों को मजबूत करता है। उन्होंने कहा कि अनुशासित खिलाड़ी समाज और देश के विकास में भी महत्वपूर्ण योगदान देते हैं।

हरियाणा तैराकी संघ की ओर से राकेश जून को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। वहीं हरियाणा पुलिस के निरीक्षक बिजेंद्र पहल ने भी प्रतियोगिता में पहुंचकर खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया।

## शराब की गाड़ी पकड़वाने के शक में रास्ता रोककर पीटा

**बहादुरगढ़।** शराब की गाड़ियां पकड़वाने के शक में एक व्यक्ति के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। गाड़ी व बाइकों पर सवार होकर आए आधा दर्जन से अधिक लोगों ने डंडों से उस पर वार किए। हमले में उसे काफी चोट आई। उसके सोने की चेन व लॉकेट भी खो गया। पीड़ित ने पुलिस को शिकायत दे दी है। मातन के निवासी धर्मेंद्र का कहना है कि वह फिलहाल बालोर में रहता है। पहले नजफगढ़ के निवासी धनराज की गाड़ी चलाता था। गत 2019 से अब तक एमआईई स्थित लिक्कर गोदाम संचालक राकेश की गाड़ी चलाता है। धनराज के भाई का लड़का तनुज अवैध शराब की तस्करी करता है। कुछ दिन पहले तनुज ने मुझ से धमकी दी थी कि तुम मेरी गाड़ी दिल्ली पुलिस से पकड़वाते हो, तुम्हें सबक सिखाएंगे। इसके बाद जब सुबह करीब साढ़े 6 बजे दूध लेने नयागांव जा रहा था तो रास्ते में तनुज, उसका साथी शिवम सहित करीब आधा दर्जन युवक गाड़ी व बाइकों पर सवार होकर आए। उन्होंने रास्ता रोक लिया और डंडों से हमला कर दिया। मारने की धमकी दी। इतना ही नहीं, झगड़े के दौरान मेरी सोने की चेन व लॉकेट गिर गया। या तो वह खो गया या आरोपी साथ ले गए। उधर, सदर थाना पुलिस का कहना है कि केस दर्ज कर लिया है। मामले में जांच की जा रही है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
झज्जर : हरिभूमि कार्यालय, पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, फोन : 8295876400
बहादुरगढ़ : सुरजमल वाली गली, रोहतक रोड, गणपति ट्रैवल्स के ऊपर, 8295852900

# बढ़ती महंगाई व नीट परीक्षा घोटाले को लेकर कांग्रेसियों ने किया प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर




झज्जर। लघुसचिवालय परिसर में प्रदर्शन करते हुए कांग्रेस कार्यकर्ता। फोटो : हरिभूमि

बढ़ती महंगाई और नीट परीक्षा में घोटाले को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने लघुसचिवालय परिसर में जोरदार प्रदर्शन किया और सरकार विरोधी जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन को लेकर पुलिस प्रशासन अलर्ट रहा और लघुसचिवालय परिसर में बैरिकेटिंग लगाकर रोकने का प्रयास किया, लेकिन कार्यकर्ता नहीं रूके और एसडीएम कार्यालय तक पहुंच कर नारेबाजी करने लगे। बादली से विधायक कुलदीप वत्स ने कहा कि देश में लगातार बढ़ती महंगाई और पेट्रोल-डीजल के दाम आम जनता के लिए चिंता का विषय बन चुके हैं।

उन्होंने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी ने हर वर्ग का अपमान किया है और केवल अपने करीबी उद्योगपतियों व सहयोगियों को फायदा पहुंचाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि बिहार में बेहद कम कीमत पर जमीनें दी गईं, जबकि आम आदमी महंगाई की मार झेल रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने पहले भी कई राष्ट्रीय मुद्दों को लेकर जो चेतावनियां दी थीं, वे समय के साथ सही साबित हुई हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से पेट्रोल-डीजल के दाम कम कर जनता को राहत देने की मांग की। साथ ही कहा कि युवाओं के भविष्य को बचाने के लिए पेपर लीक पर सख्त रोक लगाई जाए। उन्होंने मांग की कि केंद्र सरकार अपने 12 वर्षों के कार्यकाल का श्वेत पत्र देश की जनता के सामने पेश करे।

इस दौरान प्रदेश कांग्रेस कमेटी सह प्रभारी जितेंद्र भगेल, युवा कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष निशित कटारिया, एससी सैल प्रदेश चेयरमैन मनोज बागड़ी, जिलाध्यक्ष संजय यादव, विक्रम कादियान, युवा कांग्रेस झज्जर अध्यक्ष राम अवतार दीपक गहलावत, वीरेंद्र दरोगा, सुभाष गुर्जर, सुनील जाखड़, रामानंद दलाल, सेवानिवृत एसीपी राजबीर जाखड़, सुमन लोहचब, माया नेहरा सहित अन्य भी मौजूद रहे।

## डॉ. जय भगवान शर्मा की हरियाणवी कृति सकुंतला का लोकार्पण

# अभिज्ञान शाकुंतलम नाटक का हरियाणवी में किया भावानुवाद

*पुस्तक में हरियाणवी भाषा के कई पुराने और क्षेत्रीय शब्दों को शामिल किया*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर



झज्जर। पुस्तक का लोकार्पण करने के दौरान उपस्थित कुलदीप चंद अग्निहोत्री एवं अन्य। फोटो : हरिभूमि

संस्कृत, हिंदी एवं हरियाणवी के वरिष्ठ साहित्यकार डॉक्टर जय भगवान शर्मा की हरियाणवी कृति सकुंतला का लोकार्पण हरियाणा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी के कार्यकारी उपाध्यक्ष प्रोफेसर कुलदीप चंद अग्निहोत्री, सूचना जनसंपर्क एवं भाषा विभाग के संयुक्त निदेशक नीरज कुमार एवं अकादमी के सदस्य सचिव मनजीत सिंह द्वारा अकादमी भवन पंचकूला में किया गया। प्रोफेसर कुलदीप चंद अग्निहोत्री ने पुस्तक का विमोचन करते हुए कहा कि यह कृति संस्कृत साहित्य को हरियाणवी भाषा के माध्यम से जन-जन तक पहुंचने में सहायक सिद्ध होगी।

हरियाणवी भाषा में किए गए भाव अनुवाद की गुणवत्ता की उन्होंने विशेष सराहना की। डॉक्टर जय भगवान शर्मा ने बताया कि संस्कृत के अभिज्ञान शाकुंतलम नाटक के हरियाणवी भाषा में भावानुवाद करने में उन्हें लगभग डेढ़ वर्ष का समय लगा। उन्होंने बताया कि दैनिक बोलचाल की हरियाणवी भाषा में प्रयुक्त होने वाले ऐसे शब्द जो अब प्रचलन से बाहर हो गए हैं उन्हें इस अनुवाद में पुनर्जीवित करने का प्रयास किया गया है। खास बात यह है कि इस भावानुवाद में हरियाणवी परिवेश और बोलचाल की भाषा का विशेष ध्यान रखा गया है, ताकि नाटक को समझना और उसका मंचन करना आसान हो सके। पुस्तक में हरियाणवी भाषा के कई पुराने और क्षेत्रीय शब्दों को भी शामिल किया गया है, जो अब धीरे-धीरे बोलचाल से कम होते जा रहे हैं। इस अवसर डॉक्टर बिजेंदर, नरेश कुमार व रमन हरित सहित अन्य भी मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप



झज्जर। जीके मेगा क्विज में भाग लेते हुए विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### जीके मेगा क्विज में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

**झज्जर।** एचडी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में वीरवार को जीके मेगा क्विज के प्रथम चरण का आयोजन किया गया। क्विज में दूसरी से बारहवीं कक्षा तक के 2345 विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्राचार्या प्रीति राठी की अध्यक्षता में आयोजित इस क्विज का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में सामान्य ज्ञान को सुदृढ़ करना है। एचडी ग्रुप डायरेक्टर के रमेश गुलिया ने पिछले वर्ष आयोजित जीके मेगा क्विज के विजेता विद्यार्थियों को एक लाख आठ हजार रूपये से सम्मानित किया गया था। इस बार भी नौवीं से बारहवीं कक्षा के प्रत्येक विजेता विद्यार्थियों को 8100 रुपये, 5100 रुपये और 3100 रुपये से सम्मानित किया जाएगा तथा छठी से आठवीं कक्षाओं के विजेता विद्यार्थियों को 7100, 5100 और 3100 रुपये व दूसरी से पांचवीं कक्षा तक के प्रत्येक विजेता विद्यार्थी को 5100, 3100 और 2100 रुपये से सम्मानित किया जाएगा। क्विज परिणामों में बारहवीं कक्षा से अंशु ने प्रथम स्थान प्राप्त किया जबकि मोनिका द्वितीय रही। ग्यारहवीं कक्षा से दिव्या और राखी ने संयुक्त रूप से प्रथम स्थान प्राप्त किया। दसवीं कक्षा में रियांश, नौवीं कक्षा में चार्वी, आठवीं कक्षा में विवेक, सातवीं कक्षा में अरनव, छठी कक्षा में गरिमा अंबोली, पांचवीं कक्षा में देवेश, चौथी कक्षा में हर्षिता, तीसरी कक्षा में अयान यादव और दूसरी कक्षा में कीर्ति ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। एचडी ग्रुप सचिव विशाल नेहरा व हेमन्त गुलिया ने भी सामान्य ज्ञान की महत्ता पर प्रकाश डाला।



झज्जर। कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षक एवं विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### जिला स्तरीय योग ओलंपियाड में दिखाई प्रतिभा

**झज्जर।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान माछरौली द्वारा वीरवार को जिला स्तरीय योग ओलंपियाड का आयोजन किया गया। डाईट प्राचार्य अनिल श्योराण, डाइट फैकल्टी राजीव देशवाल, जितेंद्र देशवाल, डॉक्टर संदीप, डॉक्टर मनोज कौशिक के नेतृत्व में आयोजित इस ओलंपियाड में जिले से 27 विद्यालयों के 52 विद्यार्थियों ने भाग लिया। निर्णायक की भूमिका में आयुष विभाग से आचार्य बलदेव, फेडरेशन ऑफ योगासना भारत से सचिन दलाल, शारीरिक शिक्षक संदीप कुमार, ऊंटलौधा से सरिता, भदानी से कृष्ण कुमार, बिरधाना से हरेंद्र, शिकारपुर से पूनम, सिलानी से मंजीत, जहांगीरपुर से जोगिंद्र, सिलानी से दलबीर ने निभाई। प्रतियोगिता परिणामों में छठी से आठवीं कक्षा तक के बालक वर्ग में जहां राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय वजीरपुर से गौरव प्रथम रहा वहीं बालिका वर्ग में राजकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय साल्हावास से तनुष्का ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। नौवीं से दसवीं कक्षा तक के बालक वर्ग में राजकीय उच्च विद्यालय असंडा से हिमांशु और बालिका वर्ग में राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय से कंचन प्रथम रही। सभी विजेता विद्यार्थियों को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में अपने जिले का प्रतिनिधित्व करने का मौका मिलेगा।

### नन्हें विद्यार्थियों ने लिया स्प्लैश पूल पार्टी का आनंद



**झज्जर।** किड्ज शैशव, किड्ज शैशव मॉन्टेसरी व तिरंग इंटरनेशनल स्कूल में नन्हें विद्यार्थियों के लिए शानदार स्प्लैश पूल पार्टी का आयोजन किया गया। बच्चों ने पानी में विभिन्न मनोरंजक खेलों और गतिविधियों का भरपूर आनंद लिया। रंग-बिरंगे पूल सजावट, म्यूजिक और मजेदार गेम्स ने पूरे वातावरण को उत्साह और खुशियों से भर दिया। कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों द्वारा बच्चों की सुरक्षा और देखरेख का विशेष ध्यान रखा गया। विद्यालय की डायरेक्टर ऊषा गहलोत ने बताया कि इस प्रकार की गतिविधियां बच्चों में आत्मविश्वास, टीमवर्क और खुशी की भावना को बढ़ावा देती हैं।



झज्जर। कार्यक्रम में नर्सिंग अधिकारियों के बीच उपस्थित एसोसिएशन की राज्य प्रधान विनिता बांगड़। फोटो : हरिभूमि

### नर्सिंग एसो. की प्रदेशाध्यक्ष का किया अभिनंदन

**झज्जर।** हरियाणा नर्सिंग एसोशिएशन की अध्यक्ष विनिता बांगड़ वीरवार को स्थानीय नागरिक अस्पताल पहुंची। नर्सिंग एसोसिएशन की जिला प्रधान सुमन, मेट्रन कृष्णा उप प्रधान मीना, अंजू व नर्सिंग अधिकारी भावना ने तुलसी का पौधा भेंट कर उनका अभिनंदन किया। राज्य प्रधान विनिता बांगड़ ने सभी नर्सिंग कैडर संबोधित करते हुए कहा कि मरीज हमारे लिए सर्वश्रेष्ठ है। हमें समर्पण व निष्ठा से कार्य करना चाहिए। उपाध्यक्षा कविता गुलिया ने कहा कि नर्सिंग अलाउंस हमारी जायज मांग है। जो अन्य राज्यों में दिया जा रहा है। इस दौरान जहां जिला प्रधान सुमन ने नर्सिंग अधिकारियों की समस्याएं स्टेट टीम के सामने रखी। इस मौके पर सुमन पोरिया, कैशियर प्रतिभा, सीनियर नर्सिंग अधिकारी सुदेश राठी, प्रमिला, संतोष, मंजू कादियान, मंजू रोहिल्ला, संगीता, मोनिका, स्वाति, अनिल आदि उपस्थित रहे।




बहादुरगढ़। पेड़ों पर परिंदों के लिए सकोरे लटकाने की तैयारी में भाविप पदाधिकारी व सदस्य। फोटो : हरिभूमि

### पेड़ों पर लटकाए पानी के 70 सकोरे

**बहादुरगढ़।** भीषण गर्मी के बीच पक्षियों के लिए राहत पहुंचाने के लिए भारत विकास परिषद की विवेकानंद शाखा ने सेक्टर-6 स्थित पार्क में विशेष अभियान चलाया। शाखा सदस्यों ने पेड़ों की डालियों पर 70 पानी के सकोरे लटकाकर उनमें पानी भरा, ताकि गर्मी में पक्षियों को पेयजल उपलब्ध हो सके। शाखा अध्यक्ष मुरारी गोयल और सचिव नीरज गर्ग ने बताया कि बढ़ते तापमान में पक्षियों के सामने पानी का संकट गहराता जा रहा है। पूर्व अध्यक्ष सुनील बंसल ने लोगों से अपने घरों की छत, बालकनी, आंगन और पेड़ों पर पक्षियों के लिए पानी रखने की अपील की। प्रांतीय संरक्षक पवन जैन और जिला समन्वयक सतीश शर्मा ने कहा कि पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में पक्षियों की अहम भूमिका है। मौके पर सेवा संयोजक अशोक गोयल, संस्कार संयोजक रजनीश भारद्वाज, चंचल गर्ग, राहुल सिंघल, हिमांशु जैन, कपिल गोयल, घनश्याम गुप्ता, अनिल शर्मा, सुरेंद्र गर्ग, हैप्पी, किशोरी लाल, दर्पण अग्रवाल, संजय शर्मा और आजाद सिंह आदि मौजूद रहे।